Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

>

Title : Regarding famine in Nagaur Parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, भारत कृिा प्रधान देश है और यह पूर्णत: बरसात पर 2निर्भर है। हमारे यहां कभी बरसात कम होती है और कभी अधिक होती है। ऐसी स्थिति में फसल बरबाद होने के दो कारण हैं - फसल बोने के बाद बरसात न आने से तथा फसल बोने से पहले बरसात नहीं होने से। मैं राजस्थान की बात बताना चाहूंगा।

अध्यक्ष महोदय : यह स्टेट मैटर है। अच्छा, बोलिये।

श्री भँवर सिंह डांगावास : मैं अपने क्षेत्र में तीन दिन घूमकर आया हूं। वहां फसलें जल रही हैं। यहां पर 15 अगस्त के पहले गिरदावरी नहीं होती है। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि फसलों का सर्वे करने के लिये एक टीम भेजी जाये। बरसात नहीं आने से राजस्थान में सूखा है। वहां दो तरह के अकाल हैं - एक तो जहां बाढ़ आई है, वहां फसलें बरबाद हो गई हैं और दूसरा, जहां बरसात नहीं हो रही है, वहां फसलें जल रही हैं। इसलिये मेरी केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि वहां यथाशीघ्र सर्वे टीम भेजी जाये। महामहिम राट्रपति जी ने 15 अगस्त की पूर्व संध्या को राट्र के नाम संदेश में नदियों को जोड़ने की योजना पर जोर दिया है। इससे बाढ़ और अकाल को रोकने में मदद मिलेगी। इस योजना को कार्यरूप दिया जाए ।

MR. SPEAKER: Hon. Member, because your matter was important, I have allowed you to raise it now. Other matters, which have already been admitted, would be taken up at 6 o' clock.